7A(DISHA)

क्रियान्वयन

तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास और रोजगार विभाग,म.प्र. शासन नवीन पहल के अंतर्गत 7A बिन्दुओं के आधार पर संस्था में कई पहलुओं, जैसे प्रवेश, उपस्थिती, ध्यान, उपलब्धि(शेक्षणीक),प्लेसमेंट तथा प्लेसमेंट पश्चात सहायता, उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था की स्वायत्ता पर निरंतर कार्य संपादित किया जा रहा है।

संस्था में प्रवेश व्रद्धि हेतु उपरोक्त कार्यवाही संपादित की जा रही है जिसमे संस्था के व्याख्याताओं द्वारा क्षेत्र के विभिन् शेक्षणिक संस्थानों में एक्सपेर्ट लैक्चर के माध्यम से विध्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का महत्व एवं इससे जुड़े कैरियर को समझाया जा रहा है।

दैनिक भास्कर

शाजापुर 18-01-2025

स्कूलों में तकनीक शिक्षा का महत्व बताते हुए की कॅरियर काउंसलिंग

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी शासकीय तथा अशासकीय हाई स्कूल तथा हाय सेकंडरी स्कूल में कॅरियर काउंसलिंग की जा रही है।

शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय (दरबार कोठी) तथा पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल आगर मालवा में महाविद्यालय के व्याख्याता अंकित गोड़ तथा रीना राजावत द्वारा छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता सत्र में गौड़ ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि वे 10 वीं के बाद इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपने सपने को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को तकनीकी विषयों में स्किल डेवलपमेंट विकसित करने के उद्देश्य से ही आगर मालवा में पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना की गई है जिसमें वर्तमान में 4 ब्रांच में 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जा रहा है। इस संस्था में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। राजावत ने बताया कि वर्तमान में योग्य तकनीकी विशेषज्ञों की बहुत ज्यादा मांग है जिससे डिप्लोमा पूर्ण कर आसानी से शासकीय और उद्योगों में जॉब प्राप्त की जा सकती है। यदि विद्यार्थी उच्च अध्ययन करना चाहते हैं तो वे बीटेक कोर्स के सीधे दूसरे वर्ष में लेटर एंट्री के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं। इस प्रकार डिप्लोमा कोर्स के बाद कॅरियर के बहुत सारे विकल्प खुल जाते हैं।

दैनिक भास्कर शाजापुर 23-02-2025

विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

आगर मालवा | प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू पीजी कॉलेज आगर मालवा के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ. रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में शैक्षणिक प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण में बीएससी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज आगर मालवा के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र तोमर द्वारा कॉलेज की विभिन्न प्रयोगशाला का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान कंप्यूटर लैब, वर्कशॉप, सिविल लैब, केमिस्ट्री लैब, हाइड्रोलिक लैब, सोलर लैब तथा ग्रीन हाइड्रोजन लैब के बारे में महाविद्यालय से राजेश चौहान, देवीसिंह ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए, जिससे विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं उनकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट तथा सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया।